मूल हिंदी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2136
05.08.2024 को उत्तर के लिए

कैम्पा के अंतर्गत निधि

2136. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) छत्तीसगढ़ राज्य के महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिलों को प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण सीएएमपीए (कैम्पा) से कुल कितनी राशि जारी की गई है;

(ख) उक्त धनराशि का उपयोग किन-किन कार्यों में किया गया है; और

(ग) हाल के वर्षों के दौरान उक्त तीन जिलों में कैम्पा निधि से किए गए सभी कार्यों की सूची क्या है और उक्त कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग) प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 का उद्देश्य वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के प्रावधान के अनुसार वन भूमि में अपवर्तन के कारण वन एवं पारिस्थितिकीय तंत्र संबंधी सेवाओं में होने वाली क्षति की भरपाई करना है। वनीकरण और वन संरक्षण संबंधी कार्यों एवं गतिविधियों को प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार संचालित किया जाता है। काम्पा निधियों का उपयोग प्रतिपूरक वनीकरण, जल ग्रहण क्षेत्र शोधन योजना, वन्यजीव पर्यावासों का एकीकृत विकास आदि जैसे अनिवार्य कार्यकलापों के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वनों की गुणवत्ता में सुधार, अवक्रमित वनों में पुन: वृक्षारोपण, जैव-विविधता की वृद्धि एवं वन्यजीव पर्यावास में सुधार, मृदा एवं आर्द्रता संरक्षण, वनों की सुरक्षा, दावानल निवारण और नियंत्रण आदि कार्य भी किए जाते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 2018-19 से 2024-25 के दौरान महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिलों को जारी राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि (राज्य काम्पा निधि) का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

जिले का नाम	जारी की गई कुल राशि (लाख रुपए में)
महासमुंद	8,786.16
धमतरी	823.70
गरियाबंद	10,228.44
कुल	19,838.30

किए गए कार्यों का ब्यौरा **अनुबंध-I** के अनुसार संलग्न है।

*****

अनुबंध-I

'कैम्पा के अंतर्गत निधि' के संबंध में श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा दिनांक 05.08.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2136 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

हाल के वर्षों, वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 के दौरान (जून, 2024 तक) काम्पा से संचालित समस्त कार्यकलापों की सूची

कार्यकलाप का नाम	**कार्यकलापों की संख्या**	**पूरे किए गए कार्यकलाप**	**चल रहे कार्यकलाप**
1	2	3	4
जिला गरियाबंद			
प्रतिपूरक वनीकरण और अन्य अनिवार्य कार्यकलाप	4	4	0
पुन: वनरोपण और वृक्षारोपण कार्यकलाप	111	108	3
वृक्ष संवर्धन कार्य	383	379	4
अवक्रमित वनों और बांबी वन में पुन: वृक्षारोपण	100	100	0
अग्नि सुरक्षा और वन सुरक्षा	32	32	0
मृदा एवं आर्द्रता संरक्षण कार्यकलाप	24	23	1
वन्यजीव पर्यावास में सुधार	13	10	3
उच्च तकनीक के अवरोधों का उन्नयन	1	0	1
वन क्षेत्र की मौजूदा सड़कों का उन्नयन	4	4	0
पक्की पुलिया का निर्माण	14	14	0
उच्च तकनीक वाली नर्सरी का निर्माण	5	5	0
स्टाफ के लिए सुविधाओं का विकास	11	9	2
जागरूकता	25	24	1
कुल गरियाबंद जिला	**727**	**712**	**15**
जिला - महासमुंद			
प्रतिपूरक वनीकरण और अन्य अनिवार्य कार्यकलाप	151	84	67
पुन: वनरोपण और वृक्षारोपण कार्यकलाप	42	34	8
वृक्ष संवर्धन कार्य	14	14	0
अग्नि सुरक्षा और वन सुरक्षा	21	21	0
मृदा एवं आर्द्रता संरक्षण कार्यकलाप	18	18	0
वन्यजीव पर्यावास में सुधार	34	20	14
मौजूदा पारिस्थितिकी-पर्यटन हॉट-स्पॉट का विकास और संरक्षण	2	2	0
उच्च तकनीक के अवरोधों का उन्नयन	2	2	0
वन क्षेत्र की मौजूदा सड़कों का उन्नयन	7	7	0
उच्च तकनीक वाली नर्सरी का निर्माण	1	1	0
स्टाफ के लिए सुविधाओं का विकास	16	16	0
सरकारी भूमि पर पेड़ लगाना	1	1	0
जागरूकता	5	5	0
कुल महासमुंद जिला	**314**	**225**	**89**
जिला-धमतरी			
पुन: वनरोपण और वृक्षारोपण कार्यकलाप	18	18	0
वृक्ष संवर्धन कार्य	5	5	0
अग्नि सुरक्षा और वन सुरक्षा	4	4	0
कुल धमतरी जिला	27	27	0
कुल योग-महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र	1068	964	104

***